सार-समाचार

पुष्कर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का जोरदार स्वागत

पुष्कर(निसं)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के पुष्कर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और जगह-जगह स्वागत किया गया। टीकाराम जूली नौसर में आयोजित यज्ञ में शामिल हुए और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। इसके पश्चात वे साईं बाबा धाम भी गए, जहां उन्होंने दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उनके साथ आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ और अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जयपाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष दामोदर शर्मा, वरिष्ठ नेता दामोदर मुखिया, बाबूलाल दग्दी, वैद्यनाथ पाराशर, टीकम शर्मा, जगदीश कुर्डिया, शरद वैष्णव, गोपाल तिलानिया, भागचंद दग्दी, संजय दग्दी, सोनू नागौरा, जितेंद्र गहलोत, विकास मुखिया, सुरेश पाराशर, गौरीशंकर पाराशर, प्रेम प्रकाश बाकोलिया, रविशंकर धौलपुरिया और मजीद खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएसयूआई अध्यक्ष मधुसूदन पाराशर ने तलवार भेंट कर उनका सम्मान किया।

जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य

अजमेर। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर व श्री राम असहाय सेवा ट्रस्ट द्वारा सेवा कार्य के तहत 26 अप्रैल रविवार को प्रात: जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम (सेवा धाम) दाहरसेन स्मारक के पास में अल्पाहार की व्यवस्था कर सेवा कार्य किया गया। संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि 5 दिसम्बर को संस्था की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में इस स्वर्ण जयंती वर्ष को सेवा कार्य वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत प्रति माह संस्था की और से विभिन्न सेवा कार्य किये जाते हैं इसी क्रम में रविवार को हरि भाऊ उपाध्याय नगर स्थित जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम (सेवा धाम) में सेवा कार्य किया गया। वृद्धाश्रम (सेवा धाम) में सेवा कार्य करने वाले संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों में संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, महासचिव प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, चंद्र नारायण अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल, विनय गुप्ता व प्रकाश जैन पाटनी आदि सदस्य शामिल थे जिन्होंने अपने हाथों से वहां रहने वाले आवासियों को अल्पाहार परोसकर सुखद अनुभूति प्राप्त की।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह

ब्यावर (निसं) परियोजना के सहप्रमुख पृथ्वी सिंह भोजपुरा ने बताया कि भारतेश्वर सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिये विश्व हिन्दू परिषद (धर्म प्रसार विभाग) की ब्यावर सेवा परियोजना की प्रेरणा से सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति का प्रतिवर्ष गठन किया जाता है। इस वर्ष के जन्मोत्सव समारोह समिति-2026 का गठन 14 अप्रैल 2026 को आशापुरा माता मंदिर सभागार में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा के सानिध्य में हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह चौहान, संयोजक पद पर समाजसेवी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह लामाना, सहसंयोजक पद पर शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के पूर्व जिला अध्यक्ष धन्ना सिंह रावत, सहसंयोजक पद पर विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष ललिता बल्दुआ, सहसंयोजक पद पर रावत राजपूत परिषद प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह रावत को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। नव निर्मित समारोह समिति की प्रथम बैठक 18 अप्रैल 2026 शनिवार को आशापुरा माता मंदिर परिसर में हुई जिसमें इस वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों के प्रभारी एवं प्रमुख तय कर जन्मोत्सव समारोह के सभी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई गई ।समिति के अध्यक्ष नेमसिंह चौहान ने बताया कि गत 18 अप्रैल कि बैठक में जन्मोत्सव के समापन समारोह पर विस्तृत चर्चा में तय हुआ कि इस वर्ष 2 ज्येष्ठ माह होने के कारण यह जन्मोत्सव 15 दिवस ना होकर एक माह का होगा, क्योंकि जन्मोत्सव समापन समारोह में हर वर्ष राजस्थान चीता मेहरात मगरा मेरवाड़ा (हिंदू) महासभा की ओर से चीता-मेहरात समाज का नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाता है।

लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस जीवों के कल्याण हेतु समर्पित

ब्यावर (निसं)। लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर ब्यावर मुख्य इकाई तथा महिला इकाई द्वारा प्रात: वंदे गौ मातरम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सर्वजीव चिकित्सालय में पहुंच कर बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश तथा अन्य जीवों हेतु 11000 की दवाइयां भेंट की गई तथा गोवंश को हरे चारे तथा गुड़ का भोग लगाया गया।इसके अतिरिक्त संस्था के उपस्थित सदस्यों में से कई सदस्य एवं मातृशक्ति द्वारा लगभग 10000 की राशि व्यक्तिगत रूप से एकत्र कर असहाय जीवो के कल्याण हेतु समर्पित की गई। आज इकाई की मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक का प्रारंभ महिला इकाई द्वारा संगठन मंत्र वाचन तथा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया । प्रांत संयुक्त सचिव दीपक झंवर द्वारा संस्था के स्थापना से लेकर आज तक के कार्यों पर प्रकाश डाला गया तथा राष्ट्र और समाज के विकास में उद्यमी की महत्वता की जानकारी दी।अंत मे राष्ट्रगान द्वारा सभा का समापन किया गया।बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय खंडेलवाल, प्रांत संयुक्त सचिव दीपक झंवर, शाखा पालक प्रकाश अम्बुरे, उपाध्यक्ष विजय मेहता, उपाध्यक्ष जय आनन्दानी, सुनील ईनाणी कमलेश मालू, प्रशांत खंडेलवाल, भुवनेश जांगिड़, विनय जैथलिया पुरुषोत्तम जाजू, हेमंत रांका, विनोद मित्तल आदि सदस्य तथा महिला इकाई से अध्यक्ष अर्पिता शर्मा, सचिव उर्वशी भारद्वाज, श्वेता नाहर, रुचिका शर्मा, संध्या जैन, उर्मिला गुप्ता, शोभा मेहता, अदिति गुप्ता, नीलू जैन, नमिता जालान, संगीता सोनी, संध्या प्रजापति, पायल झवर, अस्मिता मूंदड़ा, सुनीता जैन, वृत्ति आनन्दानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 155 नेत्र रोगियों का उपचार

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 155 रोगियों की जांच की गई। साथ ही 42 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये उपयुक्त पाया गया। सूरज देवी पाटनी सभागार में आयोज्य शिविर को लेकर सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की मोतियाबिंद ऑपरेशन के चयनित रोगियों का जयपुर में ऑपरेशन कराने के अलावा चश्मा, भोजन, ठहरने सहित सभी व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। पिछले शिविर नेत्र चिकित्सा करवा चुके 55 नेत्र रोगियों की पुन: नेत्र जांच कराकर चश्मा वितरण किया। संयोजक मुकेश गोयल ने भामाशाह आर के मार्बल ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हर माह शिविर लगने के उपरांत भी इतनी संख्या में नेत्र रोगियों का पहुंचना यह नेत्र रोगियों की पूर्ण संतुष्टि का परिचायक है। निखिल सारडा ने कहा क्लब सदैव नेत्र रोगियों की सभी सुख सुविधा का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सचिव रमाकांत काबरा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष अमित अग्रवाल, पदम जैन, नरेंद्र मेहता, लायन सदस्य, स्काउट गाइड सहित आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज की स्काउट छात्रा व स्काउट सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

ग्राम उत्तमी में आपसी विवाद के दौरान मारपीट, दो घायल

मसूदा। निकटवर्ती ग्राम उत्तमी में आपसी विवाद के चलते हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में पीड़िता ने मसूदा थाने में 10 से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता मेना पत्नी नारायण मेहरात ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्रवधु मुस्कान का रिश्ते में भाई गांव में आया हुआ था और सडक़ पर खड़े होकर फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह मेना के घर में घुस गया, लेकिन आरोपियों ने घर में घुसकर भी मारपीट जारी रखी। बीच-बचाव करने आई मुस्कान और मेना के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और उनके गहने तोडक़र ले गए।

सिन्धी भाषा केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापना के प्रयासों को मिलेगी गति : तीर्थाणी

अजमेर, (निसं)। सिन्धी भाषा केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आयोजित शिक्षक कार्यशाला एवं सिन्धी बाल संस्कार शिविर को अत्यंत उपयोगी बताते हुए राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थाणी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

माँ अम्बी देवी चावला सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए तीर्थाणी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दिए जाने

सिन्धी भाषा केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए शिक्षक कार्यशाला का आयोजन।

पर जोर दिया गया है, ऐसे में इन शिविरों का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में आयोजित सिंधू महाकुंभ में संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त सिन्धी भाषा के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालय की

■ माँ अम्बी देवी चावला सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए

स्थापना का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिस पर लगातार प्रयास जारी हैं।

न्यास अध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से परिषद द्वारा सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं एडवांस डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से भाषा शिक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष सिंधी सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन की अनुमति मिलने पर भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष ईश्वरलाल मोरवाणी ने जानकारी दी कि 15 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश में बाल संस्कार शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे भाग लेंगे। शिविरों में भाषा शिक्षण के साथ गीत, संगीत, योग, प्रार्थना और महापुरुषों के जीवन पर चर्चा कराई जाएगी। मातृशक्ति प्रदेशाध्यक्ष शोभा बसताणी ने बताया कि शिविरों में मातृशक्ति की सक्रिय भूमिका रहती है, जहां बच्चों को भाषा ज्ञान के साथ पारंपरिक व्यंजन एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी भी दी जाती है। समापन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाती हैं।

संयोजक नवल किशोर गुरनाणी ने बताया कि 25 व 26 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय साक्षात्कार एवं कार्यशाला में 145 योग्य सिंधी शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप गेहाणी, गिरधारी ज्ञानाणी, जय कुमार चंचलाणी, रमेश केवलाणी, हिना सामनाणी, सावित्री जेसवाणी सहित कई शिक्षाविदों ने भाग लिया।

पृथ्वीराज चौहान जयंती पर भव्य निशानेबाजी प्रतियोगिता का आगाज

अजमेर, (निसं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती के अवसर पर लोहागल रोड स्थित करणी स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स अकैडमी में दो दिवसीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि तीरंदाजी और निशानेबाजी हर व्यक्ति की स्वाभाविक क्षमता का हिस्सा है। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के शब्दभेदी बाण कौशल का उल्लेख करते हुए युवाओं को खेलों में आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। समारोह अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं और देश का नाम रोशन करने की

करणी स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स अकैडमी में दो दिवसीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

प्रेरणा देती हैं।

प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और संस्थानों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिनमें माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल और प्रेसिडेंसी स्कूल सहित कई संस्थान शामिल हैं।

राजेन्द्र पाल गौतम का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया

अजमेर, (निसं)। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम का जन्मदिन अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा धोलाभाटा स्थित सिद्धार्थ नगर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विभाग अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए कार्यकर्ताओं ने गायों को चारा खिलाया तथा कबूतरों को दाना डालकर गौतम के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 3 मई को

अजमेर। साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट, शांतात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान तथा स्वामी समूह के संयुक्त तत्वावधान में 39वां प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह 3 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पिछले 21 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। संयोजक कंवल प्रकाश ने बताया कि इस समारोह में राजस्थान बोर्ड और सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी कॉम्प्लेक्स स्थित रसोई बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। समारोह में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह और ज्ञानवर्धक पुस्तकें

■ कार्यक्रम का आयोजन स्वामी कॉम्प्लेक्स स्थित रसोई बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा

प्रदान की जाएंगी। वहीं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अन्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

हरी चंदनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्र विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी, नाम, पता, स्कूल का नाम और मोबाइल नंबर सहित आवेदन 28 अप्रैल 2026 तक स्वामी कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल स्थित रसोई रेस्टोरेंट काउंटर पर जमा कर सकते हैं।

अजमेर में अंडर-7 व अंडर-9 जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

अजमेर(निसं)। जिला शतरंज संघ, अजमेर और चेतक एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में वैशाली नगर स्थित चेतक एकेडमी सभागार में आयोजित दो दिवसीय अंडर-7 एवं अंडर-9 जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में अजमेर जिले के विभिन्न स्कूलों से आए 9 वर्ष तक के नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी बुद्धिमत्ता, एकाग्रता, रणनीति और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को भव्य समापन हुआ।

संघ अध्यक्ष अतहर अब्बास काजमी के अनुसार अंडर-9 बालिका वर्ग में इशल दाधीच ने 5 में से 4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। केशवी लखोटिया द्वितीय, दित्वी जैन तृतीय, क्रधा शर्मा चतुर्थ और प्रिशा जैन पंचम स्थान पर रहीं। वहीं अंडर-9 बालक वर्ग में नमन गरवाल ने अविजित रहते हुए 5 में से 5 अंक बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तक्षम कुमावत द्वितीय, अनिकेत भार्गव तृतीय, अवयुक्त बाहेती चतुर्थ तथा हियांश गुप्ता पंचम स्थान पर रहे। इससे पूर्व 25 अप्रैल को आयोजित अंडर-7 प्रतियोगिता में बालक वर्ग में तक्षम कुमावत और बालिका वर्ग में केशवी लखोटिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि तक्षम और केशवी दोनों ही आयु वर्गों में पदक जीतने में सफल रहे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र याग्निक ने विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शतरंज केवल 64 खानों का खेल नहीं, बल्कि जीवन की पाठशाला है, जो बच्चों में धैर्य, दूरदर्शिता और दबाव में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने बालिकाओं की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत बताते हुए इशल और केशवी जैसी प्रतिभाओं को प्रेरणा स्रोत बताया।

वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक कमर अब्बास ने तकनीकी पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों की गणनात्मक क्षमता और ओपनिंग की तैयारी देखकर स्पष्ट है कि अजमेर जल्द ही राज्य को उत्कृष्ट खिलाड़ी देगा। प्रतियोगिता का संचालन सीनियर नेशनल आर्बिटर उदित याग्निक के निर्देशन में स्विस लीग पद्धति से 5 चक्रों में किया गया। पूरी प्रतियोगिता निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई, जिसकी अभिभावकों ने सराहना की। अंत में संघ सचिव नृसिंह दाधीच ने अतिथियों, अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी संस्था चेतक एकेडमी का आभार व्यक्त किया।

जीआरपी अजमेर की बड़ी कार्यवाही 144 टेट्रा पैक देशी शराब जब्त

अजमेर,(निसं)। जीआरपी थाना अजमेर ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 144 टेट्रा पैक देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत 7128 रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अवैध शराब तस्करी/नशे के व्यापार पर प्रभावी कार्रवाई अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जीआरपी थाना अजमेर की टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर के पास संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर जांच की, जिसमें आरोपी के पास से अवैध रूप से ले जाई जा रही देशी शराब बरामद हुई। मामले में आरोपी सलीम भाई भचाऊ, कच्छ गुजरात निवासी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी बिना लाइसेंस/परमिट के शराब का परिवहन कर रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी शराब कहां से लाया और इसे कहां पहुंचाने की योजना थी। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है और इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

7 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

अजमेर। वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 7 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीपक कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के तहत वृत्त ग्रामीण अजमेर क्षेत्र में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व पुलिस निरीक्षक नरपत राम द्वारा किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी भाकर राम पुत्र सुरजाराम मेघवाल (उम्र 60 वर्ष), निवासी गांव नांदिया, पुलिस थानाभोपालगढ़ , जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले 7 वर्षों से पुलिस की पकड़ से दूर था।

-सूचना-

मैंने अपने पुत्र अविनाश व पुत्रवधू सपना मेरे कहने में ना होने के कारण दोनों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह दोनों कोई कृत्य व लेनदेन के स्वयम् जिम्मेदार होगें। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। चतुर्भुज पुत्र गणेशलाल निवासी 2574/1 मोती विहार कालौनी, अजमेर, राजस्थान-305001

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स के. एम. टी. हार्डवेयर एण्ड केमिकल्स खसरा नं.420/391 प्लॉट नं. 22, 23 एवं 24, कालीडूंगरी, किशनगढ़, जिला अजमेर (राजस्थान) 305801 एक भागीदारी फर्म है, जो कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, अजमेर के पास रजिस्ट्रेशन नं. RF/AJM/2024/3641 से पंजीकृत है। उक्त फर्म में निम्न भागीदार हैं। (1) नमन जैन, (2) लक्ष्मीनारायण चौधरी, (3) अशोक कुमार। वर्तमान में उक्त भागीदारी फर्म में श्रीमती सुमन जैन व श्रीमती दीपिका जैन ने दिनांक 3 जनवरी 2026 से भागीदारी ग्रहण की है, एवम् (1) श्री नमन जैन, (2) श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी व (3) श्री अशोक कुमार ने स्वेच्छा से सेवानिवृति ग्रहण की है। अतः इस संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति, ऐतराज हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, आर पी एस सी के पीछे जयपुर रोड़, अजमेर राजस्थान में अपना ऐतराज मय सबूत प्रस्तुत करें, बाद मियाद में कोई ऐतराज मान्य नहीं होगा।

- मैसर्स के. एम. टी. हार्डवेयर एण्ड केमिकल्स
सुमन जैन भागीदार

महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

ब्यावर (निसं)। रविवार को मोतीपुरा बाडिया वार्ड संख्या 54 के बूथ नम्बर 47 पर भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात की महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी यादव एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष तारा सोनी ने सभी महिला कार्यकर्ताओं और बूथ कार्यकर्ताओं के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को सुना।जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की वैज्ञानिक प्रगति, ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य, तकनीकी उपलब्धियों को उल्लेख करने का काम किया हैं।

साथ ही बिजली की बचत करने का आ ान भी किया और जैव विविधता, देश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों तथा बेटियों के उत्थान की प्रशंसा की। देश से जुड़े ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण दस्तावेजों के डिजिटलीकरण होने पर अपने विचार साझा किये।तारा सोनी ने बताया कि आगामी 28 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) को लागू करने की प्रक्रिया और इससे जुड़े संशोधनों, संविधान 131वां संशोधन विधेयक 2026 के कांग्रेस सहित विपक्ष ने जो विरोध किया उसकी निंदा की और ब्यावर विधानसभा महिला मोर्चा के द्वारा जोरदार प्रदर्शन की तैयारियों पर मंडल में सभी से चर्चा भी की गई।इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी मंजू जांगिड़, मुन्नीदेवी गहलोत, गायत्री साहू, रीना कटिहार, मंजू अरोड़ा, संतोष कुमावत, दुर्गा जोशी, ज्योति माहेश्वरी, सुशीला पुरोहित, रेखा माहेश्वरी, अनीता खंडेलवाल, बिदामी देवी, सुमन शर्मा सहित सभी बूथ कार्यकर्ता मौजूद रही।

गर्मी में पक्षियों के लिए जल व्यवस्था

अजमेर, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु एवं पद्मावती केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष उद्यान में परिंडे वितरण का सेवा कार्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत उद्यान में सुबह भ्रमण करने वाले नागरिकों को परिंडे वितरित किए गए, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े। कार्यक्रम में कमल गंगवाल, गजेंद्र पंचोली, निक्की जैन, निकिता पंचोली सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रदेश में अत्याचार चरम पर सरकार मूक दर्शक, टीकाराम जूली का तीखा प्रहार

अजमेर, (निसं)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अजमेर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल एवं आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सर्किट हाउस में माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए जूली ने प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते अत्याचारों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध और अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इस ओर गंभीर नहीं है और मूक दर्शक बनी हुई है।

जूली ने सलूम्बर में बच्चों की मौत के मामले को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए इसे सरकार की संवेदनहीनता का उदाहरण करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इतने गंभीर मामले के बावजूद सरकार द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अजमेर आगमन पर कांग्रेसजनों ने सर्किट हाउस में माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया।

कि वे स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे थे, लेकिन उनके दौरे के बाद ही सरकार के मंत्री वहां पहुंचे, जिससे सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े होते हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में भय और आतंक का माहौल बनता जा रहा है, जो आमजन के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में ऐसे मामलों को दबाने का प्रयास नहीं होना चाहिए।

चुनावी मुद्दों पर भी जूली ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि खुफिया रिपोर्ट के अनुसार यदि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव कराए जाते हैं तो भाजपा को हार का सामना करना पड़ सकता है, यही कारण है कि चुनाव टाले जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पूरी सक्रियता के साथ चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। पंचायत और निकाय चुनावों

■ इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए जूली ने प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते अत्याचारों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला

को लेकर जूली ने कहा कि कांग्रेस समय पर चुनाव कराने के पक्ष में है, जबकि सरकार अपनी कुर्सी बचाने के लिए चुनाव टालने की रणनीति अपना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार धार्मिक मुद्दों को उभारकर जनता का ध्यान मूल समस्याओं से भटकाने का प्रयास कर रही है।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर जूली ने कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी प्रतिबद्धता रही है, लेकिन भाजपा ने अपने राजनीतिक एजेंडे के चलते इसे प्रभावी रूप से लागू नहीं किया।

कार्यालय नगर परिषद,पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक- न.प.पु./भूमि/2026/152 उजरदारी सूचना दिनांक: 17-04-26

निम्न आवेदक ने अपनी वसीयत/क्रयशुदा/बख्शीसशुदा/आवंटित सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है, जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि के उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति का नाम	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्रीमती विम्मी जैन पत्नि श्री संजय जैन	क्षेत्रफल 224.58 वर्गगज, राजकीय कन्य विद्यालय के पास खटीक मोहल्ला बड़ी बस्ती पुष्कर	पूर्व- श्री चिंरजीलाल की सम्पत्ति पश्चिम- सेंट्रल स्कूल पेसेज	उत्तर-सेन्ट्रल स्कूल दक्षिण-रास्ता

- आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय नगर परिषद,पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

क्रमांक- न.प.पु./भूमि/2026/155 उजरदारी सूचना दिनांक: 17-04-26

निम्न आवेदक ने अपनी वसीयत/क्रयशुदा/बख्शीसशुदा/आवंटित सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है, जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि के उक्त कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति का नाम	स्थान	चतुर्थ सीमा	
1	श्री वेंकटश शर्मा पुत्र श्री सुरेश चन्द्र शर्मा	प्लॉट नं. 1 क्षेत्रफल 303 वर्गगज, आई.डी. एस.एम.टी. कॉलोनी के पास, बूढा पुष्कर बाईपास लिंक रोड पुष्कर	पूर्व- प्लांटेशन ब्लॉट पश्चिम- प्लॉट नं. 2	उत्तर- रास्ता दक्षिण- खसरा नं. 209 की भूमि

- आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर